भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 262
19 जुलाई, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स, नई दिल्ली के नर्सिंग यूनियन द्वारा विरोध प्रदर्शन

262. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के नर्सिंग यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा वेतन संबंधी विसंगतियों को दूर करने और सेवा संबंधी शर्तों में सुधार की मांग को लेकर अप्रैल, 2022 में आंदोलन किया गया जिसके कारण कई ऑपरेशन टालने पड़े; और

(ख) यदि हाँ, तो ऐसे टाले गए ऑपरेशनों का ब्यौरा क्या है और उनमें से कितने मरीजों की स्थिति ऑपरेशन टालने की वजह से और अधिक खराब हो गयी थी?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख): एम्स, नई दिल्ली के मुख्य ऑपरेशन थियेटर (ओटी) कॉम्पलेक्स में नर्सिंग स्टॉफ द्वारा दिनांक 22.04.2022 को अचानक कार्य बंद कर दिया गया, जिसके कारण कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ और पूर्वनिर्धारित ऑपरेशन टालने पड़े। मुख्य ओटी में कार्य बंद होने के कारण दिनांक 22.04.2022 के लिए निर्धारित 60 में से 55 ऑपरेशन ऑपरेशन रद्द हो गए। फिर दिनांक 23.04.2022 को आंदोलनकारी नर्सों द्वारा ओटी शुरू करने में एक घंटे का विलंब हुआ जिसके कारण उस दिन के लिए निर्धारित 31 ऑपरेशन में से 07 ऑपरेशन स्थगित किए गए। पूर्वनिर्धारित ऑपरेशनों के स्थगित किए जाने के कारण किसी भी रोगी की स्थिति और अधिक गंभीर नहीं हुई। सभी आपातकालीन ऑपरेशन अन्य ऑपरेशन थिएटरों (ओटी) में किए गए थे, जो आंदोलन के कारण प्रभावित नहीं थे।

******